केंद्रीय हिंदी संस्थान, भुवनेश्वर केंद्र

फा.सं. 3-2/2024-25/ दिनांक 24.12.2024

सेवा में,

भाषा प्रोद्यौगिकी विभाग
केंद्रीय हिंदी संस्थान,
आगरा - 282005

विषय- वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ्स के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में केंद्र द्वारा संपन्न नवीकरण कार्यक्रम का रिपोर्ट व फोटोग्राफ्स संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु प्रेषित की जा रही है।

1. नवीकरण पाठ्यक्रम- 150 वाँ नवीकरण जिला- केंद्रापड़ा

केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) के क्षेत्रीय केंद्र- भुवनेश्वर द्वारा ओड़िशा राज्य के केंद्रापड़ा जिले के हिंदी शिक्षकों के लिए दि. 12.12.2024 से 21.12.2024 तक 150 वाँ नवीकरण पाठ्यक्रम जिला केंद्रापड़ा सरकारी उच्च विद्यालय, केंद्रापड़ा में आयोजित किया गया। इसमें कुल 86 (50 महिला व 36 पुरूष) प्रतिभागी सम्मिलित हुए। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय हिंदी संस्थान, भुवनेश्वर केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक एवं पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. रंजन कुमार दास ने की। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ. चंद्र प्रताप सिंह (विषय विशेषज्ञ), डॉ. अरविन्द तिवारी (अतिथि प्रवक्ता, केंद्रीय हिंदी संस्थान, भुवनेश्वर केंद्र) एवं केंद्रापड़ा जिले के हिंदी शिक्षक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रंजन कुमार दास ने अपने उद्बोधन में पाठ्यक्रम व संस्थान का परिचय देते हुए अध्यक्षीय टिप्पणी प्रस्तुत की एवं हिंदी भाषा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। केंद्रापड़ा जिले के हिंदी शिक्षकों ने नवीकरण के आयोजन हेतु संस्थान का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन महेश्वर साहू (हिंदी शिक्षक, केंद्रापड़ा जिला) द्वारा किया गया।

दिनांक 21.12.2024 को आयोजित समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक डॉ. रंजन कुमार दास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित श्री शिव प्रसाद नायक (प्रधानशिक्षक, केंद्रापड़ा सरकारी उच्च विद्यालय, केंद्रापड़ा), श्री अक्षय कुमार नायक (सेवारत वरिष्ठ हिंदी शिक्षक तथा हिंदी शिक्षक संघ, केंद्रापड़ा के सभापति), डॉ. चंद्र प्रताप सिंह (विषय विशेषज्ञ) एवं डॉ. अरविन्द तिवारी (अतिथि प्रवक्ता, केंद्रीय हिंदी संस्थान, भुवनेश्वर केंद्र) उपस्थित रहे। नवीकरण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने नवीकरण से संबंधित अपने अनुभवों को व्यक्त किया। इस 10 दिवसीय नवीकरण कार्यक्रम में अध्यापन कार्य डॉ. रंजन कुमार दास (क्षे.नि.), डॉ. चंद्रप्रताप सिंह (विषय विशेषज्ञ), डॉ. लक्ष्मीधर दाश (सेवानिवृत्त प्राचार्य) तथा डॉ. अरविन्द तिवारी (अतिथि प्रवक्ता) द्वारा किया गया। मंच संचालन महेश्वर साहू (हिंदी शिक्षक, केंद्रापड़ा जिला) द्वारा किया गया। इस नवीकरण में विवेकानंद विश्वकर्मा (लिपिक, अनु.) तथा अजय कुमार सिंह, MTS (अनु.) द्वारा प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण फॉर्म, प्रमाण-पत्र एवं निवृत्ति प्रमाण-पत्र, TA/DA फॉर्म, पुस्तकों की बिक्री तथा अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

भवदीय,

संलग्नकः- कार्यक्रम से संबंधित फोटोग्राफ्स

(डॉ. रंजन कुमार दास)
क्षेत्रीय निदेशक